श्री मो० गुलाम सरवर, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०-18/2/2838 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला अंतर्गत बायसी प्रखंड के ताराबरी पंचायत के सभी गांवो विगत कई वर्षों से नदी कटाव से पूरी तरह प्रभावित है, जिससे सैकड़ो बीघा कृषि क्षेत्र, आवासीय भूमि एवं सैकड़ों ग्रामीणों का घर नदी में विलीन हो चुका है तथा प्रत्येक वर्ष मजबूरन ग्रामीणों को विस्थापित होना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार कब तक उक्त पंचायत को स्थाई तौर पर नदी कटाव से बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि पूर्णिया जिला के बायसी प्रखंड अंतर्गत ताराबरी पंचायत में पश्चिम कनकई नदी के तट पर अवस्थित ताराबरी सानी टोला, मजार टोला एवं यादव टोला के समीप बाढ़ 2025 पूर्व कराया गया कटाव निरोधक कार्य वर्तमान में भी प्रभावी है एवं स्थल सुरक्षित है। बाढ़ 2025 के दौरान अहमदनगर टोला के समीप कटाव होने पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा गया। टीक्कर टोला के समीप नदी तट का आंशिक क्षरण हुआ है परन्तु आबादी प्रभावित नहीं है एवं स्थल सुरक्षित है। प्रश्नगत पंचायत के शेष अन्य गांव/टोला की नदी तट से औसतन दूरी 100 मीटर से 200 मीटर है। वर्तमान में इन स्थलों के समीप कटाव नहीं है एवं स्थल सुरक्षित है। बाढ़ अवधि 2026 में कटाव होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा जायेगा। प्रश्नगत स्थल के समीप नदी से सैकड़ो बीघा कृषि क्षेत्र, आवासीय भूमि एवं सैकड़ों ग्रामीणों का घर नदी में विलीन होने की सूचना प्राप्त नहीं है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–95/2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/2838 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–95/2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–95/2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–95/2026– 1248   पटना, दिनांक– 17/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
16.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo